द संस्कार वैली और डीपीएस की आईईएस मेगा फुटबॉल टूर्नामेंट में विजयी शुरुआत

School Tournament

दिव्यांशु के डबल गोल, रितिक, सारीह, पार्थ, लक्ष्य, अखिल, यश, अरहम व क्रिश ने भी किए गोल

स्पोर्ट्स रिपोर्टर | भोपाल

द संस्कार वैली और डीपीएस कोलार ने यहां शुरू हुए मेगा इंटर स्कूल जूनियर साकर टूर्नामेंट में शानदार आगाज किया। पहला मुकाबला मेजबान आईईएस और पीपुल्स पब्लिक स्कूल के बीच खेला गया। इसमें पीपुल्स ने 2-1 से जीत दर्ज की। विजेता टीम से रितिक और सारीह जैन ने एक-एक गोल किए। दिन के दूसरे मुकाबले में द संस्कार वैली स्कूल ने मदर टेरेसा को 3-0 से हराया। इसमें पार्थ, लक्ष्य सिंह एवं अखिल ने एक-एक गोल दागे हैं। तीसरे और आखिरी मुकाबले में डीपीएस कोलार ने बाल भारती स्कूल को 5-2 से पराजित किया। इसमें दिव्यांशु ने दो गोल किए। वहीं यश, अरहम और क्रिश जॉर्ज के बूट से एक-एक गोल आए। इससे पहले आईईएस ग्रुप की डायरेक्टर मनीषा कवाथेकर ने सभी टीमों के खिलाड़ियों से परिचय प्राप्त किया।

मेजबान आईईएस और पीपुल्स स्कूल के बीच खेले गए उद्घाटन मुकाबले में गेंद के लिए संघर्ष करते खिलाड़ी।